तिरुचि दर्पण

திருச்சி தர்பண் TIRUCHY DARPAN

अंक : 6
2023 जनवरी

இதழ் : 6
2023 ஜனவரி

ISSUE : 6
2023 January

सीमा शुल्क मुख्य आयुक्त (निवारक) जोन, तिरुच्चिराप्पल्लि
नं 1 विल्लियम्स रोड, कन्टोनमेंट, तिरुच्चिराप्पल्लि 620 001

CHIEF COMMISSIONER OF CUSTOMS (PREVENTIVE) ZONE,
NO.1, WILLIAMS ROAD, CANTONMENT, TIRUCHIRAPPALLI 620 001

श्रीमती जेन के. नथानियेल, मुख्य आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारक), तिरुच्चिराप्पल्लि द्वारा नीति अनुभाग, विधिक एवं समीक्षा अनुभाग तथा आगंतुक विश्रांतिका का नवीनीकरण के बाद उद्‌घाटन।

तिरुचिच दर्पण

திருச்சி தர்பண் TIRUCHY DARPAN

सीमा शुल्क (निवारक) जोन, तिरुच्चिराप्पल्लि

CUSTOMS (PREVENTIVE) ZONE, TIRUCHIRAPPALLI

अंक : 6 2023 जनवरी	இதழ் : 6 2023 ஜனவரி	ISSUE : 6 2023 January

பொறையொருங்கு மேல்வருங்கால் தாங்கி இறைவற்கு
இறையொருங்கு நேர்வது நாடு

திருவள்ளுவர்

एक साथ जब आ पड़े, जब भी सह सब भार।
देता जो राजस्व सब, है वह राष्ट्र अपार।।

तिरुवल्लुवर

(हिन्दी अनुवाद – मु.गो. वेंकटकृष्णन)

प्रधान संपादक	Editor-in-Chief
श्रीमती जेन के. नथानियेल, मुख्य आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारक), जोन, तिरुच्चिराप्पल्लि	Smt. Jane K.Nathaniel, Chief Commissioner, Customs (Preventive) Zone Tiruchirappalli
प्रबंध संपादक	Managing Editor
श्री के.वी.वी.जी दिवाकर आयुक्त, सीमा शुल्क गृह तूत्तुक्कुडि श्री डी. अनिल आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारक) तिरुच्चिराप्पल्लि	Shri K.V.V.G. Diwakar Commissioner, Custom House Tuticorin Shri D. Anil Commissioner, Customs (Preventive), Trichy

संपादक दल

सर्वश्री / श्रीमती

जेन के. नथानियेल	मुख्य आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारक), तिरुच्चिराप्पल्लि	प्रधान संपादक
के.वी.वी.जी. दिवाकर	आयुक्त, सीमा शुल्क गृह तूत्तुक्कुडि	प्रबंध संपादक
डी. अनिल	आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारक) तिरुच्चिराप्पल्लि	प्रबंध संपादक
पी. राम मोहन	अपर आयुक्त, सीमा शुल्क, (मुआका), तिरुच्चिराप्पल्लि	प्रबंध संपादक

संपादक

डॉ. प्रवीण गवास्कर	उपायुक्त मु आ कार्यालय	सर्वकार्यभारी संपादक
हिन्दी		
देवेन्द्र सिंह सिकरवार	वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, मु आ कार्यालय	
तमिल		
जी वेंकटसुब्रमणियन,	सहायक आयुक्त सीमा शुल्क मुख्यालय, तिरुच्चिराप्पल्लि	
अंग्रेजी		
रजनीश कुमार सिंह	अधीक्षक, सीमा शुल्क मुख्यालय, तिरुच्चिराप्पल्लि	

EDITORIAL BOARD

S/Shri/Smt

Jane K. Nathaniel	Chief Commissioner, Customs (Preventive)	Editor in Chief
K.V.V.G Diwakar	Commissioner, Custom House, Tuticorin	Managing Editor
D. Anil	Commissioner, Customs (Preventive),Trichy	Managing Editor
P. Ram Mohan	Additional Commissioner, CC(P) Office	Managing Editor
Editors		
Dr. Pravin Gavaskar	Deputy Commissioner CC Office Trichy	Editor in over all charge
Hindi		
Devendra Singh Sikarwar	Senior Translation Officer, CC Office Trichy	
Tamil		
G. Venkatasubramanian,	Assistant Commissioner, Customs Hqrs., Trichy	
English		
Rajnish Kumar Singh	Supdt., Customs Hqrs., Trichy	

The articles appearing in Tiruchy Darpan do not necessarily reflect the view of the Department. The responsibility for the opinions expressed and accuracy of the statement rests with the authors.

जेन के. नथानियेल
मुख्य आयुक्त

प्रधान संपादक की कलम से ....

यह हर्ष का विषय है कि विभागीय त्रिभाषी पत्रिका "तिरुच्चि दर्पण" के छठे अंक का ई-पत्रिका के रूप में प्रकाशन किया जा रहा है । राजभाषा के प्रचार-प्रसार में विभागीय पत्रिकाओं का महत्वपूर्ण स्थान होता है। विभागीय पत्रिकाओं के माध्यम से जहाँ एक ओर विभाग के कार्यकलापों की जानकारी साझा की जाती है वहीं दूसरी ओर अधिकारियों/कर्मचारियों को अपनी भाषा में अपने विचारों को अभिव्यक्त करने का अवसर मिलता है। मूल रचनाओं की दृष्टि से पत्रिकाओं का सृजन महत्वपूर्ण होता है। यह त्रिभाषी पत्रिका है अर्थात हिंदी अंग्रेजी एवं तमिल भाषा की रचनाएं इसमें शामिल की गई हैं। पत्रिका को सूचनाप्रद बनाने का भरसक प्रयास किया गया है। पत्रिका के छठे अंक के प्रकाशन हेतु मेरी शुभकामनाएं।

(जेन के. नथानियेल)
मुख्य आयुक्त

के.वी.वी.जी. दिवाकर

आयुक्त

प्रबंध संपादक की कलम से ....

सीमा शुल्क जोन की पत्रिका "तिरुच्चि दर्पण" के प्रकाशन के क्रम में इस वर्ष छठे अंक का प्रकाशन किया जा रहा है। मैं संपादक मंडल एवं उन सभी रचनाकारों की सराहना करता हूँ जिनके अथक प्रयासों से पत्रिका को अंतिमरूप मिला है। पत्रिका में अधिकारियों के परिजनों की रचनाएँ भी शामिल की गई है तथा छायाचित्रों द्वारा कार्यालय के कार्यकलापों से अवगत कराया गया है। आशा है पिछले अंक की तरह यह अंक भी आपको रुचिकर लगेगा। पत्रिका के बारे में आपके सुझावों का स्वागत है।

के.वि.वि.जि.दिवाकर

(के.वी.वी.जी. दिवाकर)

आयुक्त

सीमा शुल्क गृह, तूत्तुक्कुडि

डी. अनिल
आयुक्त, सीमा शुल्क
(निवारक)

प्रबंध संपादक की कलम से ....

यह जानकर कि "तिरुच्चि दर्पण" के छठे अंक का प्रकाशन होने जा रहा है, मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह ई-पत्रिका के रूप में प्रकाशित हो रही है। इसमें हिंदी, अंग्रेजी एवं तमिल भाषा में रचनाओं का समावेश है। राजभाषा के प्रचार-प्रसार में पत्रिकाओं की भूमिका अहम होती है। इस पत्रिका के माध्यम से अधिकारियों एवं उनके परिजनों को भी अपनी साहित्यिक प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हुआ है। संपादक मंडल एवं सभी रचनाकार बधाई के पात्र हैं। कृपया पत्रिका के बारे में अपने बहुमूल्य सुझाव साझा करें।

डी॰ अनिल

(डी. अनिल)
आयुक्त, सीमा शुल्क
(निवारक)

पी. राम मोहन

अपर आयुक्त (मुआका)

प्रबंध संपादक की कलम से ....

विभागीय पत्रिका "तिरुच्चि दर्पण" का प्रकाशन मुझे खुशी की अनुभूति दे रहा है। पत्रिका के प्रकाशन में न केवल अधिकारियों/कर्मचारियों ने योगदान दिया है अपितु उनके परिजनों ने भी यथायोग्य योगदान दिया है। सभी के साझा प्रयासों के फलस्वरूप "तिरुच्चि दर्पण" का छठा अंक आपके सामने प्रस्तुत है। मैं उन सभी को हार्दिक धन्यवाद देता हूँ जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से पत्रिका के सफल प्रकाशन में सहभागी बने हैं तथा सभी से अनुरोध करता हूँ कि भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग प्रदान करते रहें। पाठकों से अनुरोध है कि वे पत्रिका की गुणवत्ता के विषय में अपने विचार अवश्य व्यक्त करें। आपके सुझावों की प्रतीक्षा रहेगी।



(पी. राम मोहन)

अपर आयुक्त (मुआका)

अमित शाह
गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

प्रिय देशवासियो !

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं ।

हमारा देश सांस्कृतिक और भाषाई दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। देश की भाषाई संपन्नता को ध्यान में रखते हुए संविधान निर्माताओं ने भारत के संविधान में भाषाओं के लिए अलग से आठवीं अनुसूची का प्रावधान किया जिसमें प्रारंभ में 14 भाषाएं रखी गयी थीं और अब इस अनुसूची में कुल 22 भाषाएं सम्मिलित हैं। भारत की सभी भाषाएं महत्वपूर्ण हैं और अपना समृद्ध इतिहास भी रखती हैं। विभिन्न भारतीय भाषाओं के साथ समन्वय स्थापित करते हुए हिंदी ने जनमानस के मन में विशेष स्थान प्राप्त किया है। यही कारण है कि आज़ादी के आंदोलन में अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने हिंदी को संपर्क भाषा बनाकर आंदोलन को गति प्रदान की। 'स्वराज' प्राप्ति के हमारे स्वतंत्रता आंदोलन में स्वभाषा का आन्दोलन निहित था। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिंदी की महती भूमिका को देखते हुए संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 343 द्वारा संघ की राजभाषा हिंदी और देवनागरी लिपि को अपनाया। संविधान के अनुच्छेद 351 में हिंदी भाषा के विकास के लिए निदेश दिए गए हैं।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रेरणादायक नेतृत्व में आज जब पूरा देश आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है और प्रत्येक क्षेत्र में हम नई ऊर्जा के साथ नये संकल्प ले रहे हैं, ऐसे में यह सामूहिक प्रयास होना चाहिए कि राजभाषा हिंदी को लेकर संविधान द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया जाए।

किसी लोकतांत्रिक देश में सरकारी कामकाज की भाषा तभी सार्थक भूमिका अदा कर सकती है जब वह देश के जन सामान्य से जुड़ी हो और प्रयोग करने में आसान हो, ज्यादा से ज्यादा लोग उसे समझते हों और जनसामान्य में लोकप्रिय हो। हिंदी की इन्हीं विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए 14 सितंबर 1949 के दिन हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया। इसके साथ ही राजभाषा हिंदी में आवश्यकता के अनुसार शब्दावली निर्माण, वर्तनी के मानकीकरण किए गए और सरकारी कार्यालयों में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए प्रेरणा और प्रोत्साहन की नीति अपनाई गई। राजभाषा की इस विकास यात्रा में हमने कई लक्ष्य प्राप्त किए हैं लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना शेष है। विगत तीन वर्षों से प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सरकारी काम–काज में हिंदी का प्रयोग अधिक से अधिक करने के लिए गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग निरंतर प्रयासरत है जिससे विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में हिंदी का काम–काज तेजी से बढ़ा है। मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि वर्तमान में गृह मंत्रालय में ज्यादातर कार्य हिंदी में किया जाता है तथा कई अन्य मंत्रालयों में माननीय मंत्री भी अपना अधिकांश कार्य राजभाषा हिंदी में करते हैं।

राजभाषा कार्यान्वयन की गति तीव्र करने और समय समय पर किए गए कार्यों की समीक्षा हेतु मई, 2019 में नई सरकार के गठन के पश्चात 57 मंत्रालयों में से 53 में हिंदी सलाहकार समितियों का गठन किया गया है तथा निरंतर बैठकें आयोजित की जा रही हैं। देश भर में विभिन्न शहरों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने की दृष्टि से अब तक कुल 527 नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन किया जा चुका है। विदेशों में लंदन, सिंगापुर, फिजी, दुबई और पोर्ट लुई में भी नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन किया गया है। राजभाषा कार्यान्वयन को और मजबूत करने की दिशा में संसदीय राजभाषा समिति अपनी सिफारिशों के दस खंड माननीय राष्ट्रपति जी को

प्रस्तुत कर चुकी है तथा 11 वां खंड शीघ्र ही सौंपा जा रहा है।

राजभाषा विभाग द्वारा 13–14 नवंबर, 2021 को बनारस में पहला अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन तथा नई दिल्ली में केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों के लिए पहला तकनीकी सम्मेलन आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों से हिंदी प्रेमियों के उत्साह में अपार वृद्धि हुई है। यह और भी सुखद है कि हिंदी दिवस–2022 तथा द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का ऐतिहासिक आयोजन गुजरात के सूरत शहर में हो रहा है।

गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग की दिशा में निरंतर प्रयत्नशील है। राजभाषा विभाग ने स्मृति आधारित अनुवाद प्रणाली 'कंठस्थ' का निर्माण और विकास किया है जिसमें आज लगभग 22 लाख वाक्य शामिल किए जा चुके हैं। इस टूल का प्रयोग सुनिश्चित कर सरकारी कार्यालयों में अनुवाद की गति एवं गुणवत्ता बढ़ाई गई है। राजभाषा विभाग द्वारा जन–साधारण के लिए **'लीला हिंदी प्रवाह'** मोबाइल ऐप तैयार किया गया है जिसे अपनाकर 14 विभिन्न भाषा–भाषी अपनी–अपनी मातृभाषाओं से निःशुल्क हिंदी सीख सकते हैं। राजभाषा विभाग के 'ई–महाशब्दकोश' में 90 हज़ार शब्द सम्मिलित किए गए हैं और 'ई–सरल' हिंदी वाक्यकोश में 9 हज़ार वाक्य शामिल हैं।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश को नई शिक्षा नीति मिली जिसमें मातृभाषा में शिक्षा देने को प्राथमिकता दी जा रही है। राजभाषा विभाग ने अमृत महोत्सव के अवसर पर विधि, तकनीकी, स्वास्थ्य, पत्रकारिता तथा व्यवसाय आदि सहित विभिन्न भारतीय भाषाओं के प्रचलित शब्दों को शामिल करते हुए हिंदी से हिंदी **'बृहत शब्दकोश'** के निर्माण पर भी काम शुरु किया है और सुलभ संदर्भ के लिए एक अच्छे शब्दकोश का सृजन किया जा रहा है। इस तरह की उन्नत शब्दावली प्रशिक्षण, अनुवाद तथा शीघ्रता से ग्रहण करने में भाषा की जानकारी की दृष्टि से महत्वपूर्ण होगी।

हजारों वर्षों से भारतीय सभ्यता की अविरल धारा हमारी भाषाओं, संस्कृति और लोकजीवन में सुरक्षित रही है। भारत में स्थानीय भाषाओं का योगदान हमारी संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए अतुलनीय रहा है। इन भाषाओं ने हिंदी को समृद्ध किया है। हिंदी उन समस्त भारतीय भाषाओं की मूल परंपरा से है जो इस देश की मिट्टी से उपजी हैं, यहीं पुष्पित पल्लवित हुई हैं और जिन्होंने अपनी शब्द–संपदा, भाव संपदा, रूप, शैली और अपने पदों से हिंदी को लगातार समृद्ध किया है। **राजभाषा हिंदी किसी भी भारतीय भाषा की प्रतिस्पर्धी नहीं बल्कि उसकी सखी है और हमारी सभी भाषाओं का विकास एक दूसरे के परस्पर सहयोग से ही संभव है।**

प्रिय देशवासियो ! हिंदी दिवस के इस अवसर पर मैं आप सभी का आह्वान करता हूँ कि आप और हम मिलकर यह संकल्प लें कि अपनी भाषाओं पर गर्व की अनुभूति करेंगे। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देश–विदेश के मंचों पर हिंदी में उद्बोधन देते हैं जिससे सभी हिंदी प्रेमियों में उत्साह का संचार होता है। आज़ादी के 75 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और माननीय प्रधानमंत्री जी के प्रतिभाशाली नेतृत्व में आने वाले 25 वर्षों को देश में अमृतकाल के रूप में मनाया जा रहा है। ऐसे में भाषाई समरसता को ध्यान में रखते हुए हिंदी तथा हमारी सभी भारतीय भाषाओं का विकास अत्यंत आवश्यक है।

आइये, आज संकल्प लें कि अपने दैनिक कार्यों में, कार्यालय के कामकाज में अधिक से अधिक काम हिंदी तथा स्थानीय भाषाओं में करके दूसरों के लिए भी अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करेंगे तथा संवैधानिक दायित्वों की पूर्ति करेंगे।

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को पुनः मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

जय हिंद!

नई दिल्ली

14 सितंबर, 2022

(अमित शाह)

திருக்குறள் । तिरुक्कुरल

मु.गो. वेंकटकृष्णन, एम.ए. अवकाश प्राप्त हिन्दी प्राध्यापक, अलगप्पा कालेज, कारैक्कुडि ने तमिलनाडु के संत तिरुवल्लुवर विरचित तमिल भाषा के प्रसिद्ध ग्रंथ का दोहा छंद में अनुवाद किया है । तमिल मूल तथा नागरि लिपि में अनुवाद किए तिरुक्कुरल का अध्याय ५ नीचे प्रस्तुत है ।

அதிகாரம் - 5
வாழ்க்கைத் துணை நலம்

மனைத்தக்க மாண்புடையள் ஆகித்தற்
கொண்டான் வளத்தக்காள் வாழ்க்கைத்
துணை

மனை மாட்சி இல்லாள்கண் இல்லாயின்
வாழ்க்கை எனைமாட்சித் தாயினும் இல்.

இல்லதென் இல்லவள் மாண்பானால்
உள்ளதென் இல்லவள் மாணாக் கடை.

பெண்ணிற் பெருந்தக்க யாவுள
கற்பென்னும் திண்மையுண் டாகப் பெறின்

தெய்வந் தொழாஅள் கொழுநன்
தொழுதெழு வாள் பெய்யெனப் பெய்யும்
மழை;

தற்காத்துத் தற்கொண்டாற் பேணித்
தகைசான்ற சொற்காத்துச் சோர்விலாள்
பெண்

சிறைகாக்குங் காப்புஎவன் செய்யும் மகளிர்
நிறைகாக்குங் காப்பே தலை

பெற்றான் பெறின்பெறுவர் பெண்டிர்
பெருஞ்சிறப்புப் புத்தேளிர் வாழும் உலகு.

புகழ்புரிந்த இல்லிலோர்க்கு இல்லை
இகழ்வார்முன் ஏறுபோல் பீடு நடை

மங்கலம் என்ப மனைமாட்சி மற்று அதன்
நன்கலம் நன்மக்கட் பேறு.

பெறுமவற்றுள் யாமறிவது இல்லை
அறிவறிந்த மக்கட்பேறு அல்ல பிற

எழுபிறப்பும் தீயவை தீண்டா பழிபிறங்காப்
பண்புடை மக்கட் பெறின்

अध्याय - 5
सह धर्मिणी उत्कर्ष

गृहिणी गुण गण प्राप्त कर, पुरुष आय अनुसार ।
जो गृह-व्यय करती यही, सहधर्मिणी सुचार।।

गुण- गण गृहिणी में न हो, गृह्य कर्म के अर्थ
सुसंपन्न तो क्यों न हो, गृह-जीवन है व्यर्थ ।।

गृहिणी रही सुधर्मिणी, तो क्या रहा अभाव।
गृहिणी नहीं सुधर्मिणी, किसका नहीं अभाव।।

स्त्री से बन कर श्रेष्ठ ही क्या है पाने योग्य।
यदि हो पातिव्रत्य की दृढ़ता उसमें योग्य।।

पूजे सती न देव को पूज जगे निज कंत।
उसके कहने पर 'बरस' बरसे मेघ तुरंत ।।

रक्षा करें सतीत्व की, पोषण करती कांत।
गृह का यश भी जो रखे, स्त्री है वह अश्रांत ।।

परकोटा पहरा दिया, इनसे क्या हो रक्ष |
स्त्री हित पातिव्रत्य ही होगा उत्तम रक्ष ।।

यदि पाती हैं नारियाँ, पति पूजा कर शान ।
तो उनका सुरधाम में होता है बहुमान।।

जिसकी पत्नी को नहीं, घर के यश का मान ।
नहि निन्दक के सामने, गति शार्दूल समान।।

गृह का जयमंगल कहें, गृहिणी की गुण-खान |
उनका सद्भूषण करें, पाना सत्सन्तान ।।

बुद्धिमान सन्तान से बढ़ कर विभव सुयोग्य
हम तो मानेंगे नहीं हैं पाने के योग्य।।

सात जन्म तक भी उसे छू नहिं सकता ताप ।
यदि पावे संतान जो, शीलवान निष्पाप ।।

अमित कुमार,
अधीक्षक

हिंदी पखवाड़ा प्रतियोगिता, तिरुच्चिराप्पल्लि में प्रथम पुरस्कार प्राप्त निबंध

मानव जीवन विविधताओं से भरा है। मानव जीवन में कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करते-करते नीरसता व उबान जाती है। इस परिस्थिति में त्योहार जीवन में सुखद आनंद लाते हैं हर्षोल्लास तथा नवीनता का संचार करते हैं। मानव आदिकाल से ही उत्सवप्रिय रहा है। त्योहार आदिवासियों से लेकर आधुनिक विकसित समाज में समान रूप से महत्व रखते है। त्योहार समस्त दुखों एवं अवसादों को भुलाकर मानव जीवन में खुशियाँ भर भर देते हैं।

त्योहारों के प्रकार

विश्व में भारत ही ऐसा देश है जिसे उत्सवों का देश कहा जाता है। कोई भी महीना ऐसा नहीं है जिसमे कोई छोटा-बड़ा पर्व ना आता हो। भारत में त्योहारों को मुख्यरूप से 3 भाग में बाटा गया है।

I) धार्मिक पर्व:- भारत में धार्मिक पर्व मान्यताओं एवं परम्पराओं के आधार पर मनाए जाते हैं। दशहरा, दीपावली, होली आदि हिंदुओं के, ईद मुहर्रम मुसलमानों के क्रिसमस, ईस्टर ईसाइयों के गुरुनानक जयंती, महावीर जयंती क्रमश: सिख, जैन व बौद्धों के प्रमुख पर्व हैं।

ii) राष्ट्रीय पर्व – स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस एवं गांधी जयंती राष्ट्रीय पर्व हैं जिन्हें सभी धर्मों के लोग मिल कर मनाते हैं।

iii) मौसमी या स्थीनीय पर्व – ये पर्व फसलों की कटाई या मौसम परिवर्तन के समय मनाए जाते हैं। कुछ त्योहरों को सीमित क्षेत्र में मनाए जाने के कारण स्थानीय पर्व कहा जाता है। जैसे – तमिलनाडु का पोंगल, केरल का ओणम, झारखंड का करमा, उ.प्र व विहार का छठ, असम का बिहु स्थीनीय पर्व हैं। बसंत पंचमी एवं शरदपूर्णिमा मौसम परिवर्तन के द्योतक हैं।

त्योहारों का महत्व.- भारतीय जीवन में त्योहारों का सांस्कृतिक, सामाजिक ऐतिहासिक, मनोवैज्ञानिक एवं राजनैतिक महत्व है।

1) सांस्कृतिक महत्व:- भारतीय समाज को वर्णाश्रम में विभाजित किया गया है। इनमें विविधता होते हुए भी एकरूपता है। जिसका प्राण प्रेम है। हमारी संस्कृति के समन्वयपरक होने के कारण विभिन्न वर्ण व धर्म के हर त्योहार उत्साह व उल्लास से मनाए जाते हैं। हमारी संस्कृति की पूंजीभूत उत्कृष्टता त्योहारों के रूप में ही प्रस्फुटित होकर हमें उदार एवं कर्तव्यपरायण बनाती है।

सामाजिक महत्व:- त्योहार सामाजिक धरोहर एवं संस्कृति के परिचायक होते हैं, ये सामाजिक परंपराओं के साथ-साथ, समाज, राज्य व राष्ट्र के लिए कोई न कोई संदेश जरूर देते हैं जैसे-विजयदशमी का त्योहार -असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म का विजय का संदेश देता है साथ ही यह याद दिलाता है कि चरित्रहीनता भारतीय समाज को बर्दाश्त नहीं है। दिवाली मेंकेवल तेल का दीपक नहीं जलता बल्कि आंकाक्षाओं का भी दीपक जलता है, यह अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का संदेश देता है। रक्षाबंधन / भैयादूज भाई-बहन के पवित्र प्रेम का संदेश, होली आपसी कटुता एवं वैमनस्यता को भुलाकर आपस में प्रेम करने की सीख देता है। क्रिसमस पाप, अंधकार से दूर हो जाने का संदेश तो ईद भाई-चारे का संदेश देता है। इस प्रकार हरेक पर्व में समाजोत्थान के लिए कोई न कोई उद्देश्य अवश्य निहित होता है। सभी पर्व देश की अनेकता में एकता का संदेश पूरे विश्व को देते हैं।

ऐतिहासिक महत्वः- त्योहारों का संबंध राष्ट्रीय धरोहर, महत्वपूर्ण घटना, व्यक्ति, स्थान से जुड़ा होता है। त्योहारों के द्वारा हम महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाओं को ताजा करते हैं तथा भावी पीढ़ी तक पहुँचाते हैं। इस प्रकार त्योहार किसी जाति, धर्म एवं देश के वर्तमान एवं अतीत के साथ संबंध जोड़ने का उत्तम साधन है। यह हमें अतीत से सीख लेकर वर्तमान की चुनौतियों से लड़ने की सीख देते है।

I) मनोवैज्ञानिक महत्वः- पर्व हमारे पारिवारिक जीवन में शुद्धता, सरसता व मधुरता लाते है। मानसिक तनाव से दूर रखने में सहायक होते हैं। मानव जीवन में पग-पग पर संदेश व प्रेरणा देते है। मन को पवित्रता एवं शांति प्रदान करते हैं. त्योहारों के अवसर पर छुट्टियाँ होने के कारण, लोग एक-साथ रहने, खाने-पीने का आनंद लेते है। त्योहार दान देने एवं सत्कर्म करने की परंपरा को बनाए रखने में मदद करते हैं।

ii) राजनैतिक महत्व - आज के परिवेश में त्योहारों का राजनैतिक महत्व सर्वाधिक है। आज सभी दल सभी धर्मों के लोगों को रिझाने व अपने में पक्ष में करने के लिए हरेक तरह के हथकंडे अपनाते हैं। वे सार्वजनिक तौर पर विभिन्न धर्म के पर्व मनाते हैं। उनके पर्वों में शिरकत भी करते हैं। यदि किसी दल का नेता किसी धर्म को नहीं मनाता है या अन्य धर्म के त्योहार पर शुभकामना नहीं देता है तो उसको विपक्षी दल उक्त धर्म का विरोधी कहने लगते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि त्योहार, नेताओँ और त्योहार मनाने वाले लोगों को अपनी धरती की सोंधी खुशबू से जोड़ने का सार्थक प्रयास करते हैं।

त्योहारों की महत्ता में कमी - समय के प्रवाह में त्योहारों के मनाने में कुछ दोष भी आ गए हैं। जैसे कुछ त्योहारों पर पशुओं की बलि देना, पटाके चलाना, शराब पीना त्योहारों के वास्तविक उद्देश्य से दूर ले जाता है। आज त्योहार शक्ति प्रदर्शन का अंग बन गए हैं। धार्मिक उन्माद में लोग साम्प्रदायिक दंगे करने लगते हैं। हमें समाज से इन दोषों को दूर करना चाहिए ताकि त्योहारों का वास्तविक उद्देश्य पूरा हो सके।

उपसंहारः- त्योहार परस्पर एकता, अखंडता, राष्ट्रीयता एवं भाईचारे का पाठ पढ़ाते हैं तथा जीवन में प्रेम, आनंद उत्साह जैसे सद्गुण भर देते हैं।

सुशांत मोहन सक्सैना
अधीक्षक
सीमा शुल्क गृह तूत्तुक्कुडि

हिंदी पखवाड़ा प्रतियोगिता,तूत्तुक्कुडि में प्रथम पुरस्कार प्राप्त निबंध

आजादी के 75 वर्ष

भारत की आजादी के 75 वर्ष हो रहे हैं। इन 75 वर्षों में देश ने जीवन के हर क्षेत्र में अनगिनत उपलब्धियां हासिल की हैं। सामाजिक जीवन हो या अर्थव्यवस्था शिक्षा हो या स्वाथ्य, धरती, जल हो या आसमान या फिर रक्षा क्षेत्र, हर जगह भारत का तिरंगा लहराया है। 75 साल की यात्रा जितनी शानदार रही है, उससे कहीं ज्यादा अनगिनत लोगों का योगदान शामिल रहा है।

15 अगस्त 1949 को भारत को स्वतंत्रता मिलने के साथ ही एक आजाद देश के रूप में भारत ने अपनी प्रगति की यात्रा शुरू की। हमारे देश ने कृषि क्षेत्र से लेकर परमाणु और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी तक, स्वास्थ्य सेवाओँ, बायोटेक्नोलोजी से लेकर आईटी पावर के रूप में उभरने तक का सफर तय किया है । आजादी के बाद भारत ने स्वतंत्र भारत में अपनी सबसे पहली उपलब्धि तब हासिल की जब 26 जनवरी 1950 को हमारा अपना संविधान लागू हुआ। इसके साथ ही अंग्रेजों के जमाने का गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट 1935 समाप्त हो गया।

भारत के विकास में पंचवर्षीय योजनाओं की शुरुआत मील का पत्थर साबित हुई हैं। पहली पंचवर्षीय योजना 1951 में संसद में पेश की गई थी। इसका प्रमुख उद्देश्य प्राइमरी सैक्टर का विकास करना था । भारत में हरित क्रांति की अगुवाई मुख्य तौर पर एम एस स्वामीनाथन ने की थी। हरित क्रांति की वजह से भारत एक खाद्यान की कमी वाले देश की श्रेणी से उठकर दुनिया के अग्रणी कृषि पैदावार वाले राष्ट्र में शामिल हो गया है।

भारत ने 18 मई 1974 को पोखरण में पहला परमाणु परीक्षण करके ही अपने सामर्थ्य से दुनिया को परिचय करा दिया था। लेकिन इसेक 24 वर्ष बाद 11 और 13 मई 1998 को पोखरण में एक के बाद एक करके 5 परमाणु परीक्षण किए तो विश्व भारत का लोहा मानेन को मजबूर हो गया।

देश में वस्तु एवं सेवा कर व्यवस्था की शुरुआत 1 जुलाई 2017 से भारत के तत्कालीन राष्ट्रपिति माननीय प्रणव मुखर्जी और प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा हुयी। इस व्यवस्था के द्वारा देश में कर प्रणाली की विसंगतियों को दूर कर दिया गया है। जिसका उददेश्य **One Nation One Tax** है।

इस 75 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा में भारत के नागरिकों को बहुत से बलिदान भी देने पड़े है। हाल में ही साल 2020 में भारत सहित दुनिया के समस्त देशों ने कोविड जैसी महामारी का सामना भी किया है। भारत सरकार और नागरिकों के प्रयास से भारत वर्ष इस महामारी को हराने में सक्षम रहा है। आज हम सभी भारत वर्ष के नागरिकों को अपने देश, सभ्यता और संस्कृति पर गर्व है।

मशवरा

मुझे मशवरा वो दे रहीं, कि उनको भूल जाऊँ मैं ,
जो तेरी आँखों में हो नमी, फिर कैसे मुसकुराऊँ मैं।।

वो ख्वाब ही में आ मिलें, हूँ मैं इसी उम्मीद में ,
है आंखों में पर नींद कम, भला इनको कैसे सुलाऊँ मैं।
जिसे कहते थे ये लब मेरे, मेरी जान तू, अरमान तू,
वो बदल गया तो क्या हुआ, उसे बेवफ़ा कैसे बुलाऊँ मैं।।

वो रेत पर लिखा था जो, तूने प्यार से, कभी नाम मेरा,
लहर जिसे मिटा गयी, जेहन से कैसे मिटाऊँ मैं।।

मेरे दिल में इक चिराग है, तेरी यादों का, तेरे वादों का,
जल रहा जो दिल भी तो, चिराग कैसे बुझाऊँ मैं ।
क्यूँ दे रही तुम मशवरा ? कि तुमको भूल जाऊँ मैं।

मुरारी जी

धीरज कुमार वर्मा
कर सहायक

बचपन की स्मृति

वो कच्ची माटी का प्यारा घर,
वो माँ की ममता का प्रेम भारा आँचल,
वो मित्रों संग खेलकूद, मनुहार मधुर,
हँस-खेल न जाने कब बीत गया बचपन।

वो माँ का हाथ थाम प्रातः पाठशाला को जाना,
वो ग्रीष्मकाल की छुट्टी में नानी के घर को जाना,
वो बारिश में कागज की नाव को तैराना,
वो शीतकाल की रातों में दादी का कहानियाँ सुनाना।

वो छोटी-छोटी गलतियों पर पिताजी का समझाना,
वो होली में अपनों को जी भरकर रंग लगाना,
वो दशहरे के मेले में, सब के संग घूमने जाना,
वो मेले के उपहारों में जीवन का सब सुख पाना।

चाहता हूँ, फिर से माँ के आँचल से लिपट सो जाना,
फिर से मातृभूमि और माँ के अमूल्य सानिध्य को पाना,
अंतर्मन में है स्मृति शेष, मुश्किल है उसे भुलाना।
चाहता हूँ फिर से जीवन के उस कालखंड को दोहराना।।

सुरेन्द्र महतो
अधीक्षक

मैं बोझ नहीं हूँ।

शाम हो गई अभी तो घूमने चलो न पापा
चलते-चलते थक गई कंधे पर बिठा लो न पापा ।।
अंधेरे से डर लगता है सीने से लगा लो न पापा
मम्मी तो सो गई ही आप ही थपकी दे कर सुलाओ न पापा।

स्कूल तो पूरी हो गई अब कॉलेज जाने दो न पापा
पाल-पोस कर बड़ा किया, अब जुदा तो मत करो न पापा
अब डोली में बिठा ही दिया तो, आंसू तो मत बहाओ न पापा।

आपकी मुस्कराहट अच्छी है एक बार मुस्कराओ न पापा
आप ने मेरी हर बात मानी, एक बात और मान जाओ न पापा।
इस धरती पर बोझ नहीं मैं, दुनिया को समझाओ न पापा।

दिनेश प्रजापत
निरीक्षक

प्रकृति

माँ की तरह हम पर प्यार लुटाती है प्रकृति।
बिन माँगे हमें कितना कुछ दे जाती है प्रकृति ।।

दिन में सूरज की रोशनी देती है प्रकृति।
रात में शीतल चाँदनी लाती है प्रकृति ।।

भूजल से हमारी प्यास बुझाती है प्रकृति
और वर्षा में रिमझिम जल बरसाती है

दिन रात प्राणदायिनी हवा चलाती है प्रकृति
कहीं रेगिस्तान तो कहीं बर्फ वर्षाती है प्रकृति ।

बिन माँगे हमें भरपूर प्यार देती है प्रकृति
हे करुणामयी अनंत शक्ति, ससम्मान नमन तुझे प्रकृति
तेरे अनुकूल जीवन यापन में है मानव की सच्ची प्रगती।

सतीश कुमार पाण्डेय
भाई श्री आनंद कुमार पाण्डेय,
कर सहायक

खुद को पुकार तू

खुद से ही खुद को ललकार तू, स्वयं से जंग जीत के, जिन्दगी निखार तू। सोये पड़े साहसों के चट्टान तेरे सीने में, बस एक दफा पुकार तू। वेदना के महल सभी भस्मसात कर, बनकर अंगार तू। हो जायेगें जमींदोज बाधा- विघ्नों के पर्वत सभी, बस एक बार हूँकार तू। जकड़े है पाँव में बेड़ियाँ जो, उससे मुक्त होने को युद्ध कर आर पार तू। खुद से ही खुद को ललकार तू, स्वयं से जंग जीत के, जिन्दगी निखार तू। सामर्थ्य स्वयं से,स्वयं का जान तू, प्रत्यंचा स्वयं के पाप पर अब तान तू। जगत में मान अपमान नहीं, खुद ही अपमान तू, खुद सम्मान तू। न मुहँ मोड़ यूँ संघर्षो की भट्टी से, आने वाले वक्त का बन जा मान तू, स्वाभिमान तू।

समय के सरगम से हाथ मिला, बन जा कलकल करती नदियों के गान तू। एक लक्ष्य साध के, अब छोड़ अपनी कमान तू।खुद से ही खुद को ललकार तू, स्वयं से जंग जीत के, जिन्दगी निखार तू। तेरा रथ न कोई रोक सके, अपने हाथों बागडोर इस कदर थाम तू।शौर्य, समर्पण, साहस से सींच, वक्त बदलने की परिपाटी में अपना अमर कर नाम तू। स्वर्णिम दास्तान अंकित हो जाए ,ऐसा अद्भुत कर जा काम तू।छोड़ के परवाह जमाने की, अपने ही भुजदंडों पर जगमग कर दे धराधाम तू।भुला दो नींद--चैन सभी, मंजिल फतह के पहले कभी न कर आराम तू।खुद से ही खुद को ललकार तू, स्वयं से जंग जीत के, जिन्दगी निखार तू। ।।खुद को पुकार तू।।

जीवन नदी है।

जीवन नदी है, जिसे हर क्षण चलना है।
रथ पर आरूढ़ हो समय बदलता है।
पर्वत हो या हो खाई हर साँचे में ढ़लना है।
रुकने-झुकने का जिसमें नाम नहीं, सदा नई चाह लिए,नए स्फुरण संग निकलना है।
कभी हिम-शिखर बन थम जाना, कभी हिमनद बन पिघलना है।
कभी टकराना विपुल पाषाणों से, कभी उसे सूक्ष्म कंकण में बदलना है।
थमती नहीं रफ्तार कभी, पल-पल उमड़ती नई संवेदना है।
कभी शांत हो किनारे से निकलना, कभी जोर का मचलना है।
कहीं उत्तुंग गिरि से फिसलना, कहीं कदम-कदम संभलना है।
एक सिद्ध में साहस संजो, धार सभी संग लिए चलना है।
फिक्र किए बगैर बीते लम्हों की, सदा आगे निकलना है।
टूट जाऐंगे स्व के बंधन सारे, जिस घड़ी सागर से जा मिलना है। जंग जीत के, जिन्दगी निखार तू।



अस्मिता सिकरवार

पौत्री देवेन्द्र सिंह सिकरवार

"बच्चे मन के सच्चे"

हम बच्चे मन के सच्चे, आगे ही बढ़ते जाएंगे।
गुरु ज्ञान के पथ पर चल, भारत की शान बढ़ाएंगे।
आज जो दिखते नन्हे-मुन्ने, एक दिन बड़े हो जाएंगे।
हर मुश्किल को नन्हा कर, दुनिया को राह दिखाएंगे।

बाधाएं कब रोक सकी हैं पथ पर चलने वालों को
विपदाएं कब रोक सकी है, आगे बढ़ने वालों को।
सच्चाई की राह पकड़, औरो को राह दिखाएंगे।
हम मेहनतकश और दृढ़ रह कर, अपनी मंजिल पाएगें।

अपनी माटी अपनी भाषा, दोनों हमको प्यारी हैं।
निज भाषा में शिक्षा पाने की करली तैयारी है।
भारत की हर भाषा का, खोया सम्मान दिलाएंगे।
हम भारत के बच्चे हैं, भारत की शान बढ़ाएंगे।

ना बांटेगे, नहीं बटने देंगे, छोटे-छोटे मुद्दो पर।
जाति-पाति या धर्म-पंथ पर या लालच के वादों पर।
हम हैं संतति ऋषि-मुनियों की सबको याद दिलाएंगे।

हम भारत के बच्चे हैं, भारत की शान बढ़ाएंगे।।

"वंदे मातरम"

S. Shruta Kirti MA (Eng.Lit.) I st Year,

D/o. Shri B. Suresh Kumar,

Superintendent of Customs, Custom House, Tuticorin.

All dreams have wings.
Some fly high throughout.
Others ripped before their birth.
And yet some others,
The truly remarkable ones.
Those dreams that are burnt.
Slashed off their chains of hope.
And like how Rome
The City built on ashes,
Those dreams would rise from the char
elegantly.
Like it had never knew what it is to be scarred.
And those would soar higher, past everything
Past the blue sky and the blinding sun.
Past the poppy field and the mortals.
Past this confined inhabitation.
Past every unimaginable obstacle.

Shri B. SURESH KUMAR,
Superintendent of Customs,
Custom House, Tuticorin.

CORRUPTION FREE INDIA FOR A DEVELOPED NATION

Despite all the scientific and technological advancements made by countries of the world, it is a stark reality that the omnipresent scourge of corruption continues to be a global phenomenon. It is an undisputed fact that the tentacles of corruption have been fairly entrenched in India also. The progress of any nation is measured by the progress made in terms of the Social Development Indices. Generally, it has been observed that countries that are more corrupt tend to have either slow or stagnant economies.

As mentioned above, the prevalence of corruption is directly proportionate to its social, economic and political development. As per the survey conducted by the Transparency International, a global NGO, in 2021, in terms of the Corruption Perception Index (CPI) – Denmark, Finland, Sweden, Singapore and New Zealand which were developed countries were the least corrupt. In contrast Senegal, Syria, South Sudan and Somalia – the countries which were under developed countries, were the most corrupt. As per the said survey, India was ranked as the 85th most corrupt nation out of a total of 180 nations.

It is a harsh reality that a nation that aspires to become a developed one, needs to improve the social and economic condition of its citizens thereby raising their standard of living. It is a bitter truth that a vast majority of our countrymen are below the poverty line with 80% of them having only one square meal a day. Corruption has affected the poor immensely. The unholy nexus between corrupt politicians and bureaucrats have resulted in siphoning off these essential goods and services provided by the Governments through various social development schemes intended for the poorest of the poor as a result of which they continue to be impoverished. The same holds true in the fields pertaining to health, education and sanitation facilities where the essential goods/services have not percolated down to those strata of society who actually need/deserve them.

Corruption exists in India mostly in the form of money laundering and bribery. Unemployment which is prevalent mostly in Urban India is yet another challenge faced by us. While many citizens do not get the job they deserve, others have to bribe officials/give donations to the top officials of Government departments to secure a job. A country aiming to be a developed nation cannot achieve the same if the vast majority of its population are exploited and under-nourished. Hence, it is imperative for any government of the day to uplift the living conditions of its citizens.

Needless to say, the most vital aspect of a developed nation is its economic development. Corruption acts as a deterrent for economic growth and development which prevents both domestic and foreign investments. Added to the same, it is important for Governments of the day to reduce high taxation rates, clear bureaucratic hurdles and end red-tapism for the economy to record a significant growth. Although India have high reserves of foreign exchange, corruption has caused deterioration of the Current Account Deficit (CAD) which is another impediment to increasing its Gross Domestic Product (GDP).

Alongwith GDP, what matters most for a developed nation is Gross Happiness Index (GHI) of its citizens. In addition to the above parameters, this is possible only through proper maintenance of law and order machinery and an effective judiciary. Sadly, the tentacles of corruption have also permeated the judiciary. India can certainly become a developed nation if the vast sources of black money stashed abroad can be recovered and brought to light. It is estimated that the mind-boggling amounts of illegal tender that is stashed abroad, is enough to feed the impoverished of the country.

The eradication of corruption is instrumental in propelling India to a developed nation. Some of the following steps could go a long way in effectively countering the menace.

- Increasing the level of awareness of the general public by imparting value based education;
- Devising effective preventive mechanisms with people of integrity to implement social schemes/programmes;
- Developing transparency in the system by way of introduction/promoting E-Governance;
